हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 13 मई 2025

तापमान
अधिकतम 40 .4 डिग्री
न्यूनतम 20 .7 डिग्री

11 तीन अवैध कॉलोनियों में निर्माण को किया नष्ट...



12 निकासी न होने से नाले का गंदा पानी मुख्य सड़क पर ...



## खबर संक्षेप

### कुविः स्थगित हुई परीक्षाएं 18-29 मई को होगी

**कुरुक्षेत्र** । विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार परीक्षा शाखा द्वारा 9 व 10 मई को स्थगित हुई परीक्षाओं की संशोधित तिथियों की अधिसूचना जारी की गई है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि 9 मई 2025 को स्थगित की गई परीक्षा अब 18 मई को तथा 10 मई को स्थगित हुई परीक्षा अब 29 मई को आयोजित की जाएगी। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि परीक्षा का समय वही रहेगा जो पहले अधिसूचित किया गया था।

### केयू न्यूज लेटर के द्वितीय एडीशन का विमोचन

**कुरुक्षेत्र**। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव ले डॉ. वीरेन्द्र पॉल ने जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा संचालित कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के केयू न्यूज लेटर के द्वितीय एडीशन का विमोचन किया। इस अवसर पर कुलसचिव ले. विरेद्रपाल ने कहा कि ह्यकेयू न्यूज लेटर विश्वविद्यालय की उन्नति हेतु आंतरिक और बाहरी जनसंपर्क का कार्य कर रहा है जो कि विकसित समाज और विकसित भारत के विजन के लिए महत्त्वपूर्ण प्रयास है।

### जॉब फेयर का आयोजन 14 को

**कुरुक्षेत्र**। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महिला कुरुक्षेत्र में व्यवसाय सिविगं टेक्नोलॉजी, कोपा, बेसिक कॉस्मेटोलॉजी, ड्राफ्ट्समैन सिविल तथा मैकेनिकल, एसओटी, ड्रेस मेकिंग, फैशन टेक्नोलॉजी तथा फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, इंस्ट्रयूमेंट मैकनिकल से आईटीआई पास/अपीयर छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्थाई रोजगार मुहैया करवाने के लिए 14 मई 2025 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महिला कुरुक्षेत्र में जॉब फेयर करवाया जा रहा है। इस कंपनी में शिक्षुता का सटाई फंड, रेगुलर जॉब की सैलरी 15 हजार रुपए प्रति महीना के साथ ओवर टाईम की सुविधा भी दी जाएगी।

### मारपीट के आरोप में 5 के खिलाफ मामला दर्ज

**यमुनानगर**। लेन देन को लेकर हुई कहासुनी में पांच लोगों ने एक व्यक्ति को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर पांच आरोपियों के खिलाफ मारपीट के आरोप में मामला दर्ज कर लिया। गांव खिजरी निवासी राकिब ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बागपत निवासी जाहिद के साथ लेन देन को लेकर झगड़ा चला आ रहा है। इसी बात को लेकर उनकी एक बार फिर कहासुनी हो गई। आरोप है कि कहासुनी बढ़ने पर ारोपी जाहिद ने अपने चार अन्य साथियों महरूफ, सुबाना, इसरान व भूरा के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट करके घायल कर दिया।

### पानीपतः अवैध ट्यूबवेल पर कार्रवाई हो

**पानीपत**। नार्थ इंडिया एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रीवेंशन आग्रेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आरटीआई कार्यकर्ता यशपाल मलिक ने केन्द्रीय भू तल एवं परिवहन मंत्री को पत्र लिखकर पानीपत में जीटी रोड पर लालबती चौक से लघु सचिवालय तक बने होटल मालिकों द्वारा बिना विभाग की अनुमति के जीटी रोड पर अपने होटल के उपयोग के लिए ट्यूबवेल लगाए जाने का आरोप लगाए और इन पर कार्रवाई की मांग की।

### लाखों के जेवर और नकदी चोरी

**पानीपत**। पानीपत से रोहतक जा रही पैसेंजर ट्रेन में सवार प्रदीप निवासी शिवाजी कालोनी, रोहतक के बैग से तीन सोने की अंगूठियां, एक जोड़ी सोने के कड़े, एक गले की चेन, लोकेट व सात हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली गई। प्रदीप की शिकायत पर एक युवक व युवती पर केस दर्ज किया है।

दोस्त की बहन से छेड़छाड़ करने वाले को समझाना पड़ा महंगा

# ऑटो में आए हमलावरों ने युवक की चाकू घोंपकर कर दी हत्या

- विदेश जाने की तैयारी कर रहा था युवक इकलौते बेटे की मौत से परिवार में कोहराम
- पुलिस ने पिता-पुत्र समेत कई हमलावरों पर किया हत्या का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। अस्पताल में उपचार से पहले ही उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की और मौके से साक्ष्य भी जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है। घटना रविवार देर शाम की है। खोजकीपुर गांव में अजीत नगर के रहने वाले 19 वर्षीय हार्दिक पर उस समय चाकुओं से हमला हो गया जब वह अपने दोस्तों के साथ खड़ा था। युवक की कमर और पेट पर चाकू के दो वार किए गए थे। खून से लथपथ हालत में उसे अंबाला कैंट के सिविल अस्पताल लाया गया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महेश नगर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए जगह-जगह छापेमारी की जा रही है। दोस्त ऋषभ ने बताया कि हार्दिक के दोस्त की बहन को हमलावर तंग करते थे। हार्दिक अपने दोस्तों के संग खोजकीपुर के मैदान में खड़ा था। इसी बीच हमलावर गुजरने लगा तो उसे केवल इतना समझाया गया था कि दोबारा दोस्त की बहन को तंग नहीं करना है। इतने में युवक ने तैश में आकर एक ऑटो में 10 युवकों को बुला लिया। उन्होंने आते ही हार्दिक पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू मारने के आरोप हमलावर व उसके पिता पर लगाए गए है। पड़ोसियों के अनुसार हार्दिक अपनी मां का इकलौता सहारा था। वह विदेश जाना चाहता था। अपनी मां को एक बेहतर जिंदगी देना चाहता था इसीलिए वह आइलेट की भी तैयारी कर रहा था। पड़ोसियों के अनुसार मां और बेटा दोनों आपस में खूब प्यार से रहते थे। घटना के बाद मां को इस बारे में सूचना नहीं दी गई कि बेटे की मौत हो गई है। लेकिन हार्दिक की बड़ी बहन यमुनानगर से आई तब उसने अपनी मां को बताया। जिसके बाद दोनों ने विलाप करना शुरू कर दिया। थाना महेश नगर प्रभारी अजीत के अनुसार मृतक के शव को अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया है। मामले की जांच की जा रही है।



मृतक हार्दिक का फाइल फोटो।

### कारोबारी पर चाकू से हमला कर तीन लाख लूट ले गए

- जख्मी हालत में कारोबारी को नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया

**अंबाला**। फिल्मी अंदाज में बदमाशों ने चाकू दिखाकर एक कारोबारी से लूट की है। बदमाशों ने कारोबारी पर चाकू से हमला भी किया है। इसके बाद नकद राशि लूटकर फरार हो गए। जख्मी हालत में कारोबारी को नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। पुलिस ने लूट का केस दर्ज कर जाच शुरू कर दी है। घटना अंबाला छावनी के महेश नगर स्थित प्रीत नगर की है। यहां बाइक सवार चार नकाबपोश बदमाशों ने कोल्ड ड्रिंक डिस्ट्रीब्यूटर व उसके बेटे की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। दरअसल निर्मल विहार के कारोबारी पिता संजीव त्रेहन (49) और उनका बेटा रौनक अलग-अलग स्कूटी पर अपने घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में बदमाशों ने उन्हें आगे-पीछे से घेर लिया। चाकू के साथ आए बदमाशों ने पहले तो दोनों की आंखों पर लाल मिर्च पाउडर फेंका। विरोध करते हुए शोर मचाया तो हमलावरों ने कारोबारी संजीव त्रेहन पर चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पिता-पुत्र ने शोर मचाते हुए किसी तरह बदमाशों के चंगुल से छुट कर वहां से भागकर अपनी जान बचाई। बदमाशों ने कारोबारी की स्कूटी में रखी करीब 3 से 4 लाख रुपये की राशि लूट ली। घायल संजीव को अंबाला कैंट नागरिक अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया गया था। उनके बेटे रौनक के भी छाती में चोट आई है। महेश नगर थाना पुलिस ने कारोबारी के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह वारदात इलाके के सीसीटीवी में कैद हो गई।

# हेयर सैलून संचालक पर सुए से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बर्फ तोड़ने वाले सुएं से सैलून संचालक पर हमला करके घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने अदालत में पेशकर कार्रवाई शुरू कर दी।

फरकपुर थाना प्रबंधक जनक राज ने बताया कि शहर की अमरपुरी कॉलोनी निवासी ईशरार ने उन्हें शिकायत दी थी कि उसने जगाधरी वर्कशाप मार्ग पर न्यू सलमान हेयर सैलून के नाम से दुकान बना रखी है। गत 24 अप्रैल को दुकान पर अपने साथी नदीम के साथ बैठा हुआ था। इस दौरान वहां पर रुमाल से मुंह ढ़ापकर एक युवक पहुंच गया और बाल कटवाने के लिए उसका नंबर शाम को लगाने की बात कहकर चला गया। इसके पांच मिनट बाद आरोपी दोबारा वहां पहुंच गया और किसी बात को लेकर सैलून संचालक ईशरार से कहासुनी करने लगा। आरोप है कि इस दौरान बात बढ़ने पर आरोपी ने बर्फ तोड़ने वाले सुएं से उस पर हमला कर दिया। हमले में ईशरार बूरी तरह घायल हो गया।

पुलिस ने उस समय पीड़ति की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश की। तलाश के दौरान पुख्ता सबूत मिलने पर मामले के आरोपी विनोद कुमार को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर जांच शुरू कर दी।



**यमुनानगर**। सैलून संचालक को सुएं से हमला करके घायल करने के मामले में गिरफ्तार किया गया आरोपी।

# हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रविवार की देर रात एक ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस में शव व ट्रक को कब्जे में लिया है। शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जिसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा। दरअसल अंबाला शहर के बलदेव नगर इलाके में रविवार देर रात नागेंद्र सिंह नामक युवक अपनी बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक ट्रक ने नागेंद्र को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर इलाका पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव व ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस के मुताबिक युवक अंबाला के एक नामी रेस्टोरेंट में शेफ का काम करता था। वह अपनी ड्यूटी खत्म कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान ट्रक ने पीछे से उसमें टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और ट्रक चालक को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, रेस्टोरेंट स्टाफ घटना का दुख जताया है।



# नीलोखेड़ी से लापता व्यक्ति का शव नाले से मिला, तीन दिन से था गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के पक्की सराय नाले से पुलिस को एक व्यक्ति का शव मिला है। शव को नाले से बाहर निकलवाया। शव गली सड़ी हालत में है हालांकि राइट बाजू पर नाम लिखा होने के कारण पुलिस ने शव की पहचान कर ली है। सोमवार सुबह कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि पड़ाव थाना क्षेत्र के पक्की सराय नाले में एक शव पड़ा हुआ है। जिसके बाद यह सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस सूचना पाकर मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। शव की पहचान कर परिजनों को सूचित कर दिया गया है। वहीं, इलाका पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों ने इसकी सूचना पास की ही पड़ाव थाने में दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकलवाया। मृतक की राइट बाजू पर उसका नाम संजीत गुदा हुआ है जिससे पुलिस ने उसकी पहचान कर ली। एसएचओ धर्मवीर की मानें तो मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष है। मृतक करनाल नीलोखेड़ी के पास रायपुर राम गांव का रहने वाला है। दो-तीन दिन से लापता था।



नाले से निकाला गया शव।

कुरुक्षेत्र के अयान खान ने जीता बॉलीवुड का दिल

# सलमान खान और कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म में निभाएगा अहम किरदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुम्बई के उभरते हुए बाल कलाकार अयान खान ने कम उम्र में ही बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बना ली है। हाल ही में अयान ने फिल्म 'चंदू चैंपियन' में अभिनेता कार्तिक आर्यन के बचपन का किरदार निभाया, वहीं बहुचर्चित फिल्म 'सिकंदर' में वह बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के बेटे की भूमिका में नजर आएंगे। दोनों फिल्मों में उनके अभिनय की सराहना की जा रही है। आज अयान अपने पिता व फिल्म अभिनेता हसन अली खान के साथ उनके पारिवारिक मित्र, अभिनेता व निर्देशक चंद्र अग्रवाल से मिलने उनके निवास कुरुक्षेत्र पहुंचे। मुलाकात के बाद अयान ने पत्रकारों से बातचीत भी की, जिसमें उन्होंने अपने अभिनय सफर, फिल्मों के अनुभव और आगे के सपनों को सांझा किया। अयान मूल रूप से गीता की जन्म स्थली ज्योतिसर कुरुक्षेत्र निवासी हैं। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र उन्हें बेहद प्रिय है और वह हर वर्ष वहां आना पसंद करते हैं। एक छोटे गांव से निकलकर मुम्बई जैसे बड़े शहर में फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाना अयान के लिए आसान नहीं था।



### सफाई कर्मचारी की उम्र को लेकर विवाद

**पानीपत**। पानीपत जिले के इसराना उपमंडल के गांव नौल्था में एक सफाई कर्मचारी की उम्र को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। गांव के सरपंच बलराज सिंह ने खंड कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं अधिकारियों ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। जानकारी के अनुसार सरपंच ने बताया कि सफाई कर्मचारी पालेराम पुत्र तेलूराम की उम्र 60 साल से अधिक है। ग्रामीणों ने भी इस संबंध में कई बार शिकायत की है। सरपंच ने बीडीपीओ कार्यालय में कर्मचारी की आयु जांच और स्वास्थ्य परीक्षण की मांग की है।

# फ्लैट देने के नाम पर तीन लोगों ने व्यक्ति से हड़प लिए लाखों रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में किया मामला दर्ज

हरियाणा सरकार की आवास योजना के तहत गुरुग्राम में सस्ते फ्लैट दिलाने का झांसा देकर तीन लोगों ने शहर के एक व्यक्ति से लाखों रुपये हड़प लिए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक शहर के आजाद नगर निवासी सहनी गुलाटी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बताया कि कुछ दिन पहले उसकी दिल्ली निवासी प्रापर्टी डीलर आकाश लोहिया, विकास लोहिया व संदीप से मुलाकात हुई थी। उस समय आरोपियों ने उसे हरियाणा सरकार की आवास योजना के तहत गुरुग्राम में बहुत ही सस्ते व कम रेट पर फ्लैट दिलवाए जाने का झांसा दिया। आरोपियों ने उसे बताया कि गुरुग्राम में जो फ्लैट हैं उनका क्षेत्रफल 419 वर्गगज है। जिसकी कीमत चार लाख 76 हजार रुपये है। इस फ्लैट की रजिस्ट्री पांच वर्ष बाद होगी। एडवांस बुकिंग के लिए 16 हजार 248 रुपये देने होंगे। बाकी 1959 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से किश्तों में 20 वर्ष तक देने होंगे। वह उस समय आरोपियों की बातों में आ गया और चार फ्लैट खरीदने के लिए तैयार हो गया।

### खीस खाने से एक ही परिवार के नौ सदस्य बीमार

**पानीपत**। पानीपत की विद्यानंद कालोनी में गाय के पहले दूध से बने खीस को खाकर एक ही परिवार के विकास, सुनील, ज्योति, टिटो, बालेश, शिवांश, कन्हैया, सुरेश व मोनी बीमार हो गए। खीस खाने के करीब डेढ घंटें बाद सभी को उल्टी लगने लगी। पीडित परिजनों की सूचना पर आस पडोसी मौके पर पहुंची और उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सूचना देकर एंबुलेंस मंगवाई और विकास, सुनील, ज्योति, टिटो, बालेश, शिवांश, कन्हैया, सुरेश व मोनी को पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवाया। जहां परिवार उपचाराधीन है। वहीं अस्पताल में उपचाराधीन सुनील ने बताया कि उन्होंने एक गाय पाल रखी है। रविवार को गाय ने बछड़े को जन्म दिया था। जबकि रविवार को गाय का दूध निकाल कर उसका खीस बनाया गया। पूरे परिवार ने खीस खाया और करीब डेढ़ घंटे बाद ही पूरे परिवार की हालत बिगड गई और सभी को उल्टी लगने लगी। इधर, स्वास्थ्य विभाग ने खीस के सैंपल लेकर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विदेश भेजने का झांसा देकर 11 लोगों ने युवक से ठग लिए 4.25 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी

विदेश भेजने का धंधा करने वाली कंपनी के ग्यारह लोगों ने विदेश भेजने का झांसा देकर एक व्यक्ति से सवा चार लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गांव खुंडेवाला निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2023 में वह रोजगार की तलाश में घूम रहा था। इस दौरान उसके मोबाइल पर रूद्राक्ष कंपनी का विज्ञापन आया। यह कंपनी लोगों को विदेश भेजने का कार्य करती है। जिसके बाद विज्ञापन में दिए मोबाइल नंबर पर उसने संपर्क किया। संपर्क करने पर उसे कंपनी के कार्यालय पर बुलाया गया। इससे पहले आरोपितों ने पांच हजार रुपये बतौर सिक्योरिटी उससे पेमेंट जमा करवाई। यह रुपये आरोपियों द्वारा बताए गए उनके अकाउंट में भेज दिए। जब कंपनी के प्रतिनिधियों से बात की तो विदेश भेजने का खर्च आठ लाख रुपये बताया। इसमें से चार लाख 55 हजार रुपये पहले देने की बात तय हुई। आरोपितों ने कहा कि विदेश जाने की प्रक्रिया चल रही है। इस दौरान उसने आरोपितों को सवा चार लाख रुपये दिए। काफी दिन बीत गए मगर उसे विदेश नहीं भेजा गया।

खेतीबाड़ी | प्रति एकड़ 30 से 35 क्विंटल मक्का की पैदावार निकलने का किसानों ने जताया दावा

# हाइब्रिड मक्का की खेती की ओर बढ़ा किसानों का रूझान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

आर्थिक स्थिति मजबूत करने, भूमि की उर्वरा शक्ति बनाए रखने और पानी का दोहन कम करने के उदेश्य से जिले के अधिकांश किसानों द्वारा इस बार हाइब्रिड मक्का की फसल की पैदावार की है। सरकारी आंकड़ो की मानें तो जिले में इस बार करीब तीन हजार हेक्टेयर भूमि में मक्का की फसल लहलहा रही है। किसानों के मुताबिक कम लागत में हाइब्रीड किस्म की मक्का की पैदावार प्रति एकड़ 30 से 35 क्विंटल निकलने की उम्मीद है। जिससे किसान खुश हैं।

### कम आ रही लागत

किसान जयपाल सिंह, पवन कुमार, दिलीप राणा, सुखविंद्र सिंह, बिट्टू व कुलदीप आदि का कहना है कि मक्का की खेती पर जहां लागत नाम मात्र आ रही है, वहीं इसकी पैदावार भी अधिक निकल रही है। जिससे किसानों का रुझान जिले में हाइब्रिड मक्का की खेती की ओर बढ़ रहा है। सरकारी आंकड़ो के मुताबिक इस बार जिले में तीन हजार हेक्टेयर भूमि पर मक्का की खेती लहलहा रही है। जो पिछले साल के मुकाबले अधिक है।



**यमुनानगर**। खेतो में लहलहाती हाइब्रिड मक्का की फसल। फोटो : हरिभूमि

### भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ रही

कृषि विशेषज्ञ डॉ. विजय पाल सहारनपुर का कहना है कि अधिक पैदावार लेने के लिए हाइब्रीड मक्का की खेती की बिजाई फरवरी माह के अंत तक कर देनी चाहिए। इस अवधि में बिजाई करने से जहां फसल की ग्रोथ बढ़ती है, वहीं उसकी पैदावार भी अधिक मिलती है। खास बात यह है कि मक्का की खेती करने से जहां पानी का दोहन कम होता है, वहीं भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती है।

### चार महीनें में तैयार हो जाती है फसल

कृषि विशेषज्ञ डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि हाइब्रिड मक्का की फसल की खासियत यह है कि यह चार महीनें में पक कर तैयार हो जाती है। इसके बाद किसान मक्का की फसल के खेत में अन्य फसल की पैदावार कर सकते हैं। जिससे उन्हें वर्ष में दो से तीन फसलों की पैदावार प्रति एकड़ करने का लाभ मिल सकता है।



**पानीपत**। विधायक प्रमोद विज, मुख्यमंत्री नायब सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का आभार जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

### भारत और पाकिस्तान तनाव के बीच छात्रों को सकुशल उनके घर पहुंचवाया

**पानीपत**। पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव के बीच जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती जिले बारामुला की एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत पानीपत के छात्र मुकेश राठौर समेत प्रदेश के 16 छात्रों और पड़ोसी राज्य राजस्थान के छात्रों को सकुशल घर पहुंचाने के लिए छात्र मुकेश राठौर के अभिभावकों द्वारा पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज से बीते नौ मई को छात्रों को घर पहुंचाने की मदद मांगी गई थी। विधायक विज ने मुख्यमंत्री नायब सैनी और मंत्री मनोहर लाल से बात कर बच्चों को सकुशल उनके घरों तक पहुंचाया। बच्चों के अभिभावकों ने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे भारत सरकार और राज्य सरकार के आभारी हैं जिनके प्रयासों से उनके बच्चे सुरक्षित घर लौट पाए । वहीं छात्र मुकेश ने कहा कि तनाव के माहौल में सभी बच्चे बहुत डरे हुए थे किन्तु सरकार ने उनकी एक मांग पर उन्हें खतरे से बाहर निकाल कर उनके घर पहुंचाया। इसके लिए वह सरकार का आभार व्यक्त करते हैं।

## खबर संक्षेप



### वैशाख पूर्णिमा पर गोशाला में किया हवन-यज्ञ

**करनाल।** श्री कृष्ण गऊशाला में वैशाख पूर्णिमा के पावन अवसर पर हवन यज्ञ किया गया। देवधाम में हुए इस हवन यज्ञ में यजमानों सहित गोशाला में पहुंचे लोगों ने भी आहूतियां डाली। विश्व शांति, परिवारों में सुख समृद्धि की कामना के साथ गऊ सेवा का संकल्प लिया गया। मुख्य यजमान के रूप में राम गर्ग ने परिवार सहित शिरकत की। यजमान के रूप में घनश्याम गोयल, श्री कृष्ण गऊशाला के महासचिव राम कुमार गुप्ता व संजय बत्रा पहुंचे।

### नारद जयंती पर आज होगी पत्रकार संगोष्ठी

**करनाल।** विश्व संवाद केंद्र न्यास तथा डीएवी पी जी कालेज करनाल के तत्वाधान में करनाल के पत्रकार जगत के लिए 13 मई मंगलवार को सुबह दस बजे से डीएवी पीजी कालेज मे देंवर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य में पत्रकार संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएवी पीजी कासलेज के प्राचार्य आरपी सैनी करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में ओपीएस ज्यूलर्स के संचालक तरुण बंसल होंगे। मुख्य वक्ता के तौर पर वरिष्ठ शिक्षाविद तथा पत्रकार महा सिंह पूनिया अपना संबोधन देंगे।

### सीजेएम ने सेफ हाऊस का किया निरीक्षण

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने सोमवार को सेफ हाऊस करनाल का निरीक्षण किया। उन्होंने सेफ हाऊस में रह रहे 8 जोड़ो से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने सेफ हाऊस में प्रदान की जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया।

### दादूवाल के सदस्य मनोनीत होने से खुशी

**करनाल।** देश के जाने माने पंथ प्रचारक तथा यूएनओ में अध्यात्मिक शांतिदूत जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल को नव निवर्चाचित हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों द्वारा भारी बहुमत से कमेटी का सदस्य मनौनीत करने पर सिख पंथ में खुशी की लहर देखी जा रही हैं। गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान बरिंदर सिंह तथा महासचिव जत्थेदार इंद्रपाल सिंह ने खुशी व्यक्त की हैं।

### एमडी शाहनवाज चीफ इंचार्ज नियुक्त

**करनाल।** करनाल एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने इंटरनेशनल टीम का विस्तार करते हुए उत्तर प्रदेश के युवा समाजसेवी एमडी शाहनवाज अब्बासी को फाउंडेशन का इंटरनेशनल चीफ इंचार्ज, विजिलेंस एंड क्राइम सेल नियुक्त किया। अब्बासी इससे पहले राष्ट्रीय टीम में सक्रिय थे और राष्ट्रीय पदाधिकारी के रूप में कार्य कर रहे थे।

## बैठक में नहीं पहुंचे डीएफसी, कारण बताओ नोटिस जारी

# राशन हड़पने की शिकायत पर तल्ख हुए मंत्री, बोले- बख्शे नहीं जाएंगे भ्रष्टाचारी

### जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में 5 शिकायतों का हुआ निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण (भवन व सडक़ें) मंत्री रणबीर सिंह गंगवा सोमवार को स्थानीय पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में उस समय तल्ख हो गए जब रामनगर निवासी मनिंदर सिंह की फर्जी बीपीएल कार्ड बनाकर राशन हड़पने से संबंधित मामले की सुनवाई की। इस शिकायत पर कड़ा संज्ञान लेते हुए सख्त शब्दों में कहा कि ऐसे परेशान करने वाले विभाग के अधिकारी और संबंधित राशन डिपो की जांच उच्च अधिकारी से करवाई जाए और चेतावनी दी कि भ्रष्टाचारी अफसर बख्शे नहीं जाएंगे। डीएफएससी को बैठक में न आने पर कारण बताओ नोटिस भी जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में रामनगर निवासी मनिंदर सिंह की शिकायत खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित थी। इस शिकायत के विषय में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने भी संबंधित विभाग की शिकायत को लेकर मंत्री के सामने अपनी बात रखी, मंत्री रणबीर गंगवा ने इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि एसडीएम करनाल से इस मामले की जांच करवाई जाएगी।

समिति की बैठक में मंत्री ने 15 शिकायतों की सुनवाई की जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर समाधान कर दिया तथा शेष 10 मामलों को लंबित रखते हुए पुनः जांच रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने शिकायतें सुनते हुए गांव मूनक की रहने वाली रेखा की शिकायत पर संबंधित बैंक और एलआईसी को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के अंदर-अंदर शिकायत का समाधान करें और प्रार्थिया को बीमा योजना का लाभ दिया जाए अन्यथा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसी प्रकार से गांव सांतड़ी के रहने वाले रमेश चंद्र के घर के ऊपर से 11 हजार वॉल्ट की तार के गुजरने के कारण बिजली के कनेक्शन संबंधी शिकायत की जांच रिपोर्ट पर असंतोष व्यक्त किया और इस मामले को लेकर एसडीएम इंद्री सहित कष्ट निवारण समिति के दो सदस्य महम सिंह व नंदलाल पांचाल को शामिल करके पुन:: जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में गांव गोंदर की रहने वाली भरपाई की शिकायत सुनते हुए मंत्री ने बीडीपीओ को निर्देश दिए कि भरपाई के प्लॉट की रजिस्ट्री करवाई जाए।



#### उपायुक्त ने किया मंत्री का स्वागत

बैठक में उपायुक्त उत्तम सिंह ने मंत्री रणबीर सिंह गंगवा का करनाल पहुंचने पर पुष्प गुच्छ देकर व अपने संबोधन के माध्यम से स्वागत किया और आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन के सभी अधिकारी निर्देशों की दृढ़ता से पालना करेंगे और आम जनता को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाएंगे। इस मौके पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, महापौर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, केंद्रीय मंत्री एवं करनाल सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, पूर्व विधायक नरेंद्र सांगवान के अलावा जिला प्रशासन की ओर से पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया, नगर निगम आयुक्त डॉ वैशाली शर्मा सहित आला अधिकारी व समिति के मनोनीत सदस्यगण उपस्थित रहे।



#### गांववासियों का स्वास्थ्य हो रहा खराब

कुचपुरा निवासी की शिकायत थी कि राइस मिल से राख व डस्ट उड़ने के कारण गांववासियों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है, जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी ने बताया कि फिलहाल ऑफ सीजन के कारण राइस मिलें अस्थाई रूप से बंद हैं। इस मामले में मंत्री ने निर्देश दिए कि गांव में लोगों के स्वास्थ्य की जांच के लिए मेडिकल कैंप लगाए जाएं तथा राख की समस्या का समाधान करवाया जाए तथा प्रदूषण बोर्ड के नियमों की पालना की जाए। मंत्री ने गांव बल्ला के डेरा पूरबिया निवासियों की गंदे पानी की निकासी संबंधी शिकायत पर सुनवाई करते हुए बीडीपीओ को निर्देश दिए कि अगली बैठक में इस समस्या का हल निकाला जाए और अगली बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में सेक्टर-7 के रहने वाले राजेश कुमार की शिकायत पर मंत्री ने उच्च अधिकारी को निर्देश दिए कि इस शिकायत की जांच करवाई जाए।



## कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी का करनाल आगमन पर किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का करनाल आगमन पर स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में भाजपा नेता तथा विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा बुके देकर व फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। मंत्री कृष्ण बेदी सोमवार को यहां जिला सचिवालय में जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक में अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के मामलों की समीक्षा करने के लिए पहुंचे थे।

#### इन्होंने किया स्वागत

इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद, मेयर रेनू बाला गुप्ता, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाषचंद्र, भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, भाजपा कार्यालय सचिव मदन गुज्जर सहित भगवान वाल्मीकि जनकल्याण संघ के अध्यक्ष सुभाष बुम्बक, पूर्व अध्यक्ष रघुबीर गागट, बनारसी दास आदि ने स्वागत किया।

## नो वेंडिंग जोन में रेहड़ी-फड़ी लगाने पर किए 20 चालान, 10 हजार रुपये लगाया जुर्माना

**करनाल।** शहर की मुख्य सड़कों से भीड़-भाड़ कम करने व यातायात व्यवस्थित करने के मकसद को लेकर पांच मुख्य सडक़ों को नगर निगम करनाल द्वारा नो वेंडिंग जोन बनाया गया है। इसे लेकर शहर में लगातार सफाई शाखा की विभिन्न टीमें नो वेंडिंग जोन का दौरा कर रही हैं। इस दौरान रेहड़ी-फड़ी लगाने के चलते 20 चालान कर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सोमवार को दी।

**यह सड़कें हैं नो वेंडिंग जोन:** उन्होंने बताया कि महाराजा अग्रसेन चौक से श्रीमद् भगवद् गीता द्वार तक, अम्बेडकर चौक से लोक निर्माण विश्राम गृह, पुराने कमेटी चौक से रणबीर हुड्डा चौक (कर्ण कैनाल पुलिया), आई.टी.आई. चौक से सेक्टर-9 पुलिया तथा महाराणा प्रताप चौक से ताऊ देवी लाल चौक की सडक़ें शामिल हैं।

## तीन नए आपराधिक कानूनों पर प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के डॉ एस राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में 'तीन नये अपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023' विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ। अभियोजन विभाग हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 मई तक चलेगा। इस अवसर पर डॉ अरशिन्दर सिंह चावला, निदेशक, हरियाणा पुलिस अकादमी के निर्देश पर अकादमी के जिला उप-न्यायवादी सुरेन्द्र कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न इकाइयों से प्रशिक्षण पर आए 23 लोक अभियोजक भाग ले रहे हैं। अकादमी के निदेशक कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों से प्रशिक्षण बारे जानकारी ली तथा प्रतिभागियों ने उनके साथ समूह चित्र भी करवाया।प्रशिक्षण कार्यक्रम के आरंभिक सत्र में अतिथि वक्ता डॉ दीपा सिंह, एडवोकेट पंजाब एण्ड हरियाणा हाई कोर्ट, चण्डीगढ़ ने प्रतिभगियों को संबोधित करते हुए कहा कि वैसे से तो आप सभी कानून के ज्ञाता हैं। कानून की बारीकियों के बारे में अच्छे से परिचित हैं। इस प्रकार की कार्यशाला कराने का उद्देश्य है कि हम कानून में आए बदलाव के बारे में अपडेट रहें।



## किसी भी सूरत में आतंकवाद को नहीं किया जाएगा सहन : गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि आतंकवाद किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा और आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाएगा। सरकार आतंकवाद के खिलाफ है, पहलगाम में हुई घटना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पहलगाम में हुई घटना का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। मंत्री रणबीर सिंह गंगवा सोमवार को स्थानीय पंचायत भवन में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत में आतंकवाद और आतंकवादियों के लिए कोई स्थान नहीं है, प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के एक साथ नौ आतंकी ठिकानों पर हमला कर पाकिस्तान की कमर तोडऩे का काम किया है।






## करनाल रिंग रोड पर इंटर चेंज मार्ग बनाने की मांग को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

**करनाल।** निर्माणाधीन करनाल रिंग रोड पर इंटर चेंज मार्ग न बनाए जाने ग्रामीणों ने भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के बैनर तले 12 सेक्टर स्थित लघु सचिवालय में डीसी उत्तम सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। ग्रामीणों ने प्रशाशन को 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। किसानों अपनी मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। आंदोलित ग्रामीणों ने नारे लगाकर अपनी आवाज को बुलंद किया। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 3 दिन के अंदर उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन के दौरान गांव सुहाना के पास चल रहे निर्माण कार्य को रोकना भी पड़ा तो सभी ग्रामीण इकट्ठा होकर निर्माण कार्य को रोकने के लिए मजबूर हो जाएंगे। जिसकी सीधे-सीधे प्रशासन व कंपनी की जिम्मेदारी होगी। इस दौरान भाकियू संगठन सचिव श्याम सिंह मान, कोर कमेटी चेयरमेन यशपाल राणा, उत्तर हरियाणा प्रभारी महताब कादियान, महासचिव भूपिंदर सिंह लाडी विशेष रूप सेड मौजूद थे। भाकियू के जिला प्रधान सुरेन्द्र घुम्मन ने कहा कि जो कुटेल से गांव दादुपुर खुर्द तक रिंग रोड बनाया जा रहा है उसके प्वाईंट न. 18+00 किलोमीटर पर इंटर चेंज मार्ग नही बनाया जा रहा है। जबकि प्वाईंट न. 18+00 पर इंटर चेंज मार्ग बनाए जाने की मांग की जा रही है। शेखपुरा व सोहाना गांव से होते हुए यह सडक़ रसूल पुर कलां तक पहुंचती है। इसलिए यहां पर इंटर चेंज मार्ग बनाए जाने की जरूरत है। नहीं तो कई गांव के ग्रामीणों को दिल्ली व चंडीगढ़ मार्ग तक जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

## विद्यार्थियों ने किया एनडीआरआई का भ्रमण

**तरावड़ी।** एस एमएस मैमोरियल पब्लिक स्कूल तरावड़ी में छात्र छात्राओं को प्रधानाचार्या डॉ विभा कौशिक के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण पर एनडीआरआई ले जाया गया। जहां उन्हें औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में होने वाले सभी ट्रेड के पढ़ाई एवं औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से प्रशिक्षण पाकर वह किस तरह से अपने आप को आत्मनिर्भर बना सकते हैं, इसकी जानकारी देने का काम औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के शिक्षकों के द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रबंधक महोदय सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को काफी कुछ सीखने को मिला।

वहां बच्चों को लघु फिल्म दिखाई गई। कर्मचारियों द्वारा डेयरी फार्मिंग के विषय में जानकारी दी गई। पशु बाड़ा, गायों के विभिन्न नस्लों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया। प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने कहा कि यह छात्रों को कक्षा में सीखे गए ज्ञान को वास्तविक दुनिया से जोड़ने में मदद करता है, जिससे उनकी समझ गहरी होती है जो शिक्षा को अधिक प्रभावी और मनोरंजक बना देती है।



## 15 जून तक मेजर ड्रेन व बरसाती नालों की होगी सफाई और सडक़ें होंगी गड्ढा मुक्त: आयुक्त

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सोमवार को अभियांत्रिकी शाखा से बैठक कर 15 जून तक सभी बरसाती ड्रेन व नालों की मुकम्मल साफ-सफाई तथा सडक़ों को गड्ढा मुक्त बनाने के कार्य युद्घ स्तर पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ शहर के जल भराव के संभावित क्षेत्रों का भी पता लगाकर वहां क्या-क्या उपाय किए जाने हैं, उनकी तैयार भी कर ली जाए। बरसाती नालों की सफाई तथा गड्ढा मुक्त सडक़ों को लेकर उन्होंने साप्ताहिक रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। बैठक के हवालों से उन्होंने बताया कि मुख्य नालों में शामिल कर्ण कैनाल नाले के साथ-साथ डायवर्जन बनाकर इसके फेज नम्बर 3 की पिछले सप्ताह में सफाई शुरू करवा दी गई थी। इसके बाद फेज 2 व 1 की सफाई करवाई जाएगी। इसके अतिरिक्त ड्रेन नम्बर 1 व राम नगर नाला का वर्क ऑर्डर जल्द ही जारी कर कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। उन्होंने कार्यकारी अभियंताओं को निर्देश दिए कि उनके अधीनस्थ वार्डों में जितने भी बड़े नाले हैं, उनकी सफाई जल्द से जल्द शुरू करवा दी जाए, ताकि 15 जून तक सफाई कार्य पूर्ण हो सके। पुराने कमेटी चौक से कर्ण कैनाल पुलिया को जाने वाले नाले का सफाई कार्य भी मंगलवार से शुरू हो जाएगा।



## मां से बढ़कर कोई नहीं होता: बंसल

**करनाल।** मदर्स डे के उपलक्ष्य में सामाजिक संस्था जेसीआई करनाल गोल्ड ने 'फैमिली स्पोर्ट्स मैनिया' कार्यक्रम का आयोजन कर विश्वभर की माताओं का धन्यवाद किया। इस शानदार पारिवारिक कार्यक्रम का आयोजन एक निजी बैंक्वेट हॉल में किया गया। परिवारों को समर्पित कार्यक्रम में माताओं और बच्चों ने मिलकर विभिन्न खेलों, मस्ती भरे गेम्स और डीजे संगीत का भरपूर आनंद उठाया। टीम एक्टिविटीज़, संगीत, डांस और स्वादिष्ट व्यंजनों ने माहौल को आनंदमय बना दिया। संस्था के मीडिया कॉर्डिनेटर जेसी अनिश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम विश्व की सभी मदर्स को समर्पित है। महिलाओं व बच्चों ने स्पून रेस, फ्रॉग रेस, वॉकिंग रेस, लेमन रेस, रिले रेस सहित अन्य प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का सफल संचालन जेसीरिट चेयरपर्सन सिम्मी बंसल व इशीका राणा द्वारा किया गया। महिला विंग से जेसीरिट मोनिका बंसल, मानसी भुटानी, नेहा गर्ग, शीनू गुप्ता,तपस्या पंवार,पूजा ढ़ीगडा, रोमा गुप्ता, मिनाक्षी सिगंला व अन्य मौजूद रही। संस्था के प्रधान जेसी प्रमोद बंसल ने कहा कि किसी बच्चे के लिए मां से बढक़र कोई नही होता।

## प्रोबेशनर डीएसपी ने दीक्षांत समारोह में ली कर्तव्यनिष्ठा की



**करनाल।** आज हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन के क्वार्टर गार्द परिसर में प्रोबेशनर डीएसपी बैसिक कोर्स बैच 23 के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ अरशिन्दर सिंह चावला, निदेशक, हरियाणा पुलिस अकादमी मुख्य अतिथि रहे। समारोह में अपना मौलिक प्रशिक्षण पूरा कर चुके 4 प्रोबेशनर डीएसपी ने संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और निष्पक्षता से कर्तव्य पालन की शपथ ली। इस अवसर पर अकादमी की पुलिस अधीक्षक पुष्पा ने प्रशिक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ चावला ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण हमारे आत्मविशवास को बढाता है। प्रशिक्षण में आप जितना तपे हैं और आगे फील्ड में जितना तपेंगे उतना ही आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा, जो आपके पुलिस पेशेवर जीवन की राह को आसान बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह वर्दी समाज की सेवा करने के अनेक अवसर प्रदान करती है। मेरा मानना है कि आप इस लक्ष्य और उद्देश्य को जनता के बीच जाकर पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि आपके बैच प्रोफाईल को देखकर ज्ञानत हुआ कि दो प्रशिक्षु स्नातक है और दो प्रशिक्षु स्नातकोत्तर हैं। आपके बेसिक कोर्स की अवधि 15 अप्रैल 2024 से 26 अप्रैल 2025 तक रही। इस दौरान आपको प्रशिक्षण के विभिन्न आयामों से अवगत कराया गया। जिनमें पुलिस पेशेवर प्रशिक्षण के साथ-साथ साइबर सिक्योरिटी, नए आपराधिक कानून, स्थानीय एवं विशेष अधिनियम, व्यावहारिक ज्ञान व आपातकालीन परिस्थितियों में कार्य करने का प्रशिक्षण भी दिया गया है।

## विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# श्रद्धालुओं का जत्था हरिद्वार हर की पौड़ी के लिए रवाना

### श्रद्धालुओं ने यात्रा से पहले सामूहिक प्रार्थना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर तरावड़ी अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन की तरफ से 300 से ज्यादा श्रद्धालुओं का जत्था तरावड़ी अनाज मंडी से हरिद्वार हर की पौड़ी पर रवाना हुआ। जिसे हल्के के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जत्थे का नेतृत्व मंडी एसोसिएशन प्रधान सुभाष गुप्ता ने किया। पूर्णिमा के अवसर पर आढ़ती एसोसिएशन तरावड़ी की तरफ से 300 से ज्यादा आढ़ती, सामाजिक कार्यकर्ताओं, कर्मचारी एवं पत्रकारो को पूर्णिमा के अवसर पर हरिद्वार में गंगा स्नान कराया गया। प्रधान सुभाष गुप्ता ने बताया कि सभी श्रद्धालुओं का ठहराव ग्लैक्सी बासमती राइस की तरफ से हरिद्वार की अग्रवाल धर्मशाला में किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। काबिलेगौर है कि तरावड़ी अनाज मंडी की तरफ से पहली बार 300 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने एक साथ हरिद्वार में गंगा स्नान किया। इस यात्रा से सभी आढ़तियों में उत्साह नजर आया। तीर्थयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने हर की पौड़ी पर गंगा स्नान करने के अलावा प्रमुख स्थलों के भी दर्शन किए। जत्थे में शामिल श्रद्धालुओं ने यात्रा से पहले सामूहिक प्रार्थना की और यात्रा की सफलता की कामना की। आढ़तियों एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के जत्थे को रवाना करने से पहले हलके के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि यह आयोजन समाज में होने बहुत जरूरी है, क्योंकि ऐसे आयोजनों से न केवल भाईचारा बढ़ता है, बल्कि एकजुटता भी आती है। उन्होंने कहा कि आढ़ती एसोसिएशन तरावड़ी का यह प्रयास बेहद ही सराहनीय है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में 300 लोगों को साथ लेकर जाना बड़ा ही पुण्य का कार्य है।



**तरावड़ी ।** हरिद्वार जाने वाले जत्थे को रवाना करते हल्के के विधायक भगवानदास कबीरपंथी एवं अन्य।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर उद्योगपत्ति व गैलेक्सी बासमती चावल के एम डी कृष्ण गोयल, सुरेश गोयल सुरेश गर्ग अनिल सिंगला अनिल चौधरी, प्रदीप गुप्ता, नरेश गर्ग, मयंक गुप्ता, यश गर्ग, मण्डल अध्यक्ष शिवम बंसल, नगरपालिका प्रधान वीरेंद्र बसंल, राकेश हंस, सतीश राणा, अशोक बंसल, पूर्व चेयरमैन हुक्म सिंह राणा, दुर्गेश मित्तल, नरेंद्र शर्मा, विष्णु शर्मा, सुभाष राणा, बनवारी काठपाल, रामनिवास बंसल, घनश्याम दास गर्ग, जसमेर बड़थल, धूम सिंह राणा, बाज गोराया, सेवा सिंह, रामकुमार शर्मा, रणजीत भारद्वाज, सुभाष मित्तल, बलवंत शर्मा, रिम्पी जैन मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### चुनाव एक साथ होने से बचेंगे करोड़ों : गजेंद्र

**पानीपत।** देश को लोकसभा व विधानसभा सभा चुनाव अलग अलग होने से बहुत सारा धन व्यय करना पड़ता है। यदि लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे तो देश का हजारों करोड़ रुपया बचेगा। जिसे देश के स्वास्थ्य, शिक्षा, रक्षा, सुरक्षा के साथ साथ मुलभुत ढांचे पर खर्च होंगे जिससे देश तेजी से विकास करेगा। ये शब्द भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रमुख एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने अपने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यलय में लोगों को सम्बोधित करते हुए कहे। गजेंद्र सलूजा ने कहा कि देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव जरूरी है।

### बच्ची के हत्याकांड में पुलिस के हाथ खाली

**पानीपत।** पानीपत में करीब दो माह पहले 10 साल की लड़की की अपहरण कर हत्या करने के मामले में पुलिस के हाथ अभी भी खाली है। पुलिस संदिग्ध आरोपी पड़ोसी संदीप को गिरफ्तार करने में सफल नहीं हो पाई है। इतना ही नहीं, पुलिस ने परिजनों को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बारे में पूरी जानकारी नहीं दी। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रोषित परिजन व इनके आसपडोसी और रिश्वतेदार सोमवार को डीएसपी हेडक्वार्टर सतीश वत्स से मिले और आरोपी संदीप को गिरफ्तार करने की गुहार लगाई है। वहीं डीएसपी वत्स ने आश्वासन दिया कि आरोपी की तलाश जारी है, जल्द ही उसे पकडा जाएगा।

### शिक्षकों और कर्मियों की सेवानिवृत्ति पर विदाई पार्टी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एक शिक्षक व छह गैर-शिक्षक कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर प्रशासन की ओर से विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय के उत्थान में शिक्षकों व कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। शिक्षक व कर्मचारी शिक्षण संस्थान का मजबूत आधार होते हैं जो संस्थान के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

### श्रमिकों को नशे के विरूद्ध जागरूक किया

# नशे से शरीर के साथ परिवार भी हो जाते हैं बर्बाद : एसपी

**जिला पुलिस ने लोगों के बीच जाकर नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम**



पानीपत। नशे के विरुद्ध शपथ लेते हुए टेक्सटाइल श्रमिक आदि।

**खास बातें**

- नशे से स्वयं दूर रहकर दूसरों को भी जागरूक करने की दिलवाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने सोमवार को ब्रहमकुमारीज संस्थान के साथ संयुक्त रूप से जीटी रोड स्थित कपूर इंडस्ट्रीज में श्रमिकों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। अभियान के जिला नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र कादियान ने बताया कि नशा व्यक्ति के शरीर के लिए तो हानिकारक है ही, साथ में यह अपराध करने का मुख्य कारण भी बनता है। नशे की शुरूआत पहले मजे और मित्रों के साथ जश्न से होती है। धीरे-धीरे नशे के अंधकार जाल में फंसता चला जाता है। जो व्यक्ति नशे की गर्त में फस जाता है वह नशा पूर्ति के लिए पैसे ना होने पर अपराधिक वारदातों को अंजाम देने लग जाता है। नशा करने वाले व्यक्ति को लगता है कि नशा करके उसके सारे दुखों पर पूर्ण विराम लग जायेगा। लेकिन वास्तव में यह सोच गलत है। कुछ लोग अपने दुखों को भूलने की बात कहते हुए नशे का सहारा लेते है। जिससे शरीर का नुकशान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बर्बादी होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ बढ़ता है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। पुलिस स्कूल, कॉलेज, फैक्टरी, गांव व कॉलोनियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन व विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक कर रही है। वहीं, समालखा ब्रहमकुमारी सेवा केंद्र की संचालिका किरण व सहयोगी ममता ने श्रमिकों को नशे के सेवन से होने वाले मानसिक, शारीरिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया।

**श्रमिकों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया**

उन्होंने बताया कि नशा हमारे शरीर की शक्ति को खत्म कर उसे बीमारियों का घर बना देता है। अगर शरीर को नशे की लत पड़ जाती है तो वह इतनी आसानी से नहीं छूटती। नशा अच्छे भले शरीर को कंकाल बना देता है, इसलिए हमे स्वयं भी और दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। जागरूकता और आत्म-नियंत्रण ही इससे बचने का सबसे कारगर तरीका है। इस दौरान श्रमिकों को शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके खिलाफ जागरूक करेंगे।

### घर से नगदी व जेवर चोरी, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के भगत नगर स्थित एक बंद मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया। चोर मकान के ताले तोड़कर भीतर घुसे। कमरे में रखी अलमारी से कैश और आभूषण चुरा लिए। वारदात को अंजाम उस वक्त दिया गया, जब परिवार शादी में शामिल होने बिहार गया हुआ था। वापस लौटने पर परिवार को चोरी होने का पता लगा। जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। वहीं, तहसील कैंप थाना पुलिस को दी शिकायत में आशीष सिंह ने बताया कि वह न्यू भगत नगर, तहसील कैंप का रहने वाला है। वह अपने परिवार सहित 6 मई को विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बिहार गया था। जहां से वे 11 मई को वापस लौटे। वापस लौटने पर देखा कि घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। इसके बाद वे घर के भीतर दाखिल हुए तो सारा सामान बिखरा हुआ था। घर के भीतर से सारा सामान बिखरा हुआ था। भीतर कमरों का भी ताला टूटा हुआ था। सामान चेक किया तो अलमारी में रखा 25 हजार कैश समेत सोने-चांदी के आभूषण गायब थे। आभूषणों में एक सोने की नथ, दो सोने के मांग टीका, एक सोने का मंगलसूत्र, एक चांदी का पायजेब गायब थे।

## डीसी ने पंचायती भूमि से अवैध अतिक्रमण हटवाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया।

उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र दहिया ने सोमवार को जिला सचिवालय के प्रथम तक पर स्थित सभागार में पानीपत ग्रामीण के सरपंचों, ग्राम सचिवों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के विकास को लेकर संचालित की जा रही योजनाओं को और गति देने की आवश्यकता है। इस पर सभी को गंभीरता से कार्य करना होगा। उपायुक्त ने सरपंचों की समस्याओं को भी सुना व उन्हें दूर करने का आश्वासन भी दिया। उपायुक्त ने कहा कि बारिश का मौसम नजदीक है सभी नाले व गालियों की सफाई रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सफाई कर्मचारी गांव की सफाई रखना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने सरपंचों को निर्देश दिए कि वो गांव की साफ सफाई को लेकर सफ़ाई कर्मचारियों को इस कार्य के लिए सूचित कर सफाई पर निगरानी बरते। वे गांव में जाकर स्वयं सफाई का निरीक्षण भी करेंगे। उपायुक्त ने सभी 16 गांव के सरपंचों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत की भूमि पर जो अवैध अतिक्रमण है उसे हटाया जाएगा। सभी ग्राम सचिवों को सरपंचों का सहयोग करना होगा। उपायुक्त ने कहा कि गांव की गलियों में जो ग्रामीण भैंसों को बांधकर गांव की सफाई की अनदेखी करते हैं व गंदगी को बढ़ावा देते हैं ऐसे लोगों पर कार्यवाही होगी। उपायुक्त ने कहा कि शहरो की तरह गांव को भी पॉलिथीन मुक्त करना है इसके लिए आज से ही प्रयास करने होंगे। वे गांव में जाकर खुद निरीक्षण करेंगे वह सफाई का मुआयना करेंगे। इस मौके पर डीडीपीओ राजेश शर्मा, डिप्टी सीईओ कंचन लता के अलावा 16 गांव के सरपंच व ग्राम सचिव मौजूद रहे।

### पुलिस ने मारपीट का आरोपी पकड़ा, भेजा जेल

पानीपत। थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने मछली मार्केट में जनक गार्डन कच्चा कैंप निवासी मोसाली पुत्र शरीफ को पीट कर गंभीर रूप से घायल करने के आरोपी रवि उर्फ काला निवासी गांव काबड़ी जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपी को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## विधायक मनमोहन भड़ाना ने समालखा में विकास कार्यों का शुभारंभ किया

- नगर पालिका के वार्ड 15 में गौशाला के मुख्य द्वार के सामने वाली सड़क का हुआ शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



**पानीपत।** समालखा में विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक मनमोहन।

समालखा नगर पालिका के वार्ड 15 में गौशाला के मुख्य द्वार के सामने बनने वाली सड़क का शिलान्यास समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना ने किया। चेयरमैन अशोक कुच्छल व वार्ड 15 की पार्षद प्रतिभा झंडा ने बताया कि गौशाला के सामने से शमशान घाट तक 20 लाख की लागत से सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त शमशान घाट से भाना बाबा की कुटिया तक 64 लाख की लागत से 800 मीटर लम्बा नाला बनाया जाएगा और हिमगिरी स्कूल की साइड से 20 लाख लागत से नाला बनाया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की सभी जनहित ने कहा कि उनका प्रयास समाज के पंक्ति में खड़े लोगों तक विकास पहुंचाने का है। विधायक भडान ने कहा कि आप सभी ने में मुझे आशीर्वाद देकर विधायक बनाया है। यह मेरे लिए अत्यंत ही गर्व का विषय है और मैं यह विश्वास दिलाता हूं कि अपने समालखा हलके परिवार के विकास के लिए बड़े से बड़ा संघर्ष करने के लिए तैयार हूं।

### गुरू गोरख नाथ का प्रकट दिवस मनाया

**समालखा।** पानीपत के गांव देहरा में महायोगी गुरू गोरख नाथ महाराज का प्रकट दिवस धूमधाम से मनाया गया। शिव अवतारी गुरु गोरखनाथ के मंदिर और धूना स्थल पर हवन यज्ञ एवं पूजा अर्चना की। वहीं भक्त नफे नाथ ने कहा कि गुरु गोरखनाथ को गोरक्षनाथ के नाम से भी जाना जाता हैं, वे नाथ संप्रदाय के प्रमुख योगी और संत थे। गोरखनाथ ने योग, ध्यान और आत्म मुक्ति पर बल दिया और अपने अनुयायियों को नैतिक जीवन जीने और मोक्ष प्राप्त करने का मार्ग दिखाया। इस अवसर पर गुरु गोरखनाथ मंदिर के संचालक विनोद भक्त, संजय सैनी, रामनिवास गाहल्याण, उमेद कुमार, सतीश बुआना, मोहन लाल सैनी, कुलदीप उमेदगढ़, धर्मवीर, विक्की, साहब सिंह लोहचब, रघबीर मकीनपुर आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पंतजलि के शिविरों में योग सीखने को लगातार बढ रही है लोगों की संख्या

- योग करने से शरीर रहता है निरोग: डॉ. शेषपाल सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** पतंजलि के शिविर में योग शिक्षकों के साथ अतिथिगण वा साधक आदि।

भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति, किसान सेवा समिति द्वारा सुखदेव नगर पार्क में पांचवां योग शिविर चल रहा है। शिविर रामपाल शर्मा के द्वारा लगाया जा रहा है। सोमवार को शिविर को पार्षद नवल जिंदल व अंजलि शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके शुरू किया गया। वहीं जिला प्रधान डॉ.शेषपाल सिंह ने नवल जिंदल का अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया। जबकि अंजलि शर्मा को सुखदेव नगर पार्क की प्रधान ने अंग वस्त्र पहनकर स्वागत किया। डॉ शेषपाल सिंह ने सभी को योग प्राणायाम के बारे में जानकारी दी की इसके करने से क्या लाभ मिलता है और ना करने से क्या नुकसान हो सकता है। वहीं अशोक अरोड़ा ने योग जॉगिंग कराया। इसके अलावा डीएवी पार्क सेक्टर 12 के योग टीचर तहसील प्रभारी महेंद्र कत्याल ने अपना एक्सपीरियंस बताते हुए बताया की योग से सभी रोगों का उपचार संभव है। इस अवसर पर सुभाष नारायण प्रधान सुखदेव नगर पार्क, वीरेंद्र सिंगल, रमेश कपूर, महेंद्र कत्याल, अशोक अरोड़ा, पप्पू, विजय, सुरेंद्र बत्रा, नीरू जैन, सोनिया, सुनीता,अनीता जैन, अनिता बंसल, लक्ष्मी व अनीता गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनें छात्राएं : डॉ मलिक



आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक के साथ विद्यार्थी।

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में इंटर्नशिप इकाई और श्री सीतल दास जैन फाउंडेशन, पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सिलाई इंटर्नशिप कार्यक्रम का समापन समारोह हो गया। वहीं, कपिल जैन ने इंटर्नशिप के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि कौशल सीखना आज के समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि सिलाई जैसे व्यावहारिक कौशल न केवल रोजमर्रा की गतिविधियों का हिस्सा हैं, बल्कि भविष्य में फैशन डिजाइनिंग जैसे करियर विकल्प भी प्रदान करते हैं एवं महिलाओं को स्वरोजगार भी प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अधिक से अधिक कौशल-आधारित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि आईबी कॉलेज अपने छात्रों को कौशल सीखने का ऐसा अवसर इंटर्नशिप के माध्यम से प्रदान कर रहा है, जिससे छात्रों को कॉलेज से बाहर कहीं और जाने की आवश्यकता नहीं है। कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक मुख्य अतिथि के रूप में इंटर्नशिप करने वाली छात्राओं को प्रमाणपत्र बांटें। इस अवसर पर उप-प्राचार्या डॉ. किरण मदान, इंटर्नशिप सेल की समन्वयक माधवी, शालू, निशा, डॉ. प्रवीण कुमार, सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनर शिखा आदि उपस्थित रहे।

## सशिक्षा इंसान की तरक्की की सबसे सशक्त राहः मीनाक्षी



**पानीपत।** एलएनटी कॉलेज की मेधावी छात्राएं।

**समालखा।** चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी द्वारा बीपीएड थर्ड सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें गांव मच्छरौली स्थित एलएनटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कॉलेज के प्रबंधक सत्य नारायण ने बताया कि ममता ने 700 में से 620 (88.57%) अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, कीर्ति ने 700 में से 569 (81.29%) अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा मोनिका ने 700 में से 551 (78.71%) अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी छात्राओं को कॉलेज की चेयरपर्सन मीनाक्षी गुप्ता, प्राचार्य डॉ लोकेश कुमार शर्मा, प्रोफेसर राजेश भारद्वाज, डॉ बलजीत सिंह, डॉ दर्शन धीमान, प्रदीप, सोनिया बंसल, वरुण तिवारी, गोविंद, व कमल शर्मा ने मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत किया और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

## हैल्पेज ऑर्फन्स ने रक्तदान कर मनाया मदर्स-डे, 57 ने कमाया महादान का पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत । हैल्पेज ऑर्फन्स द्वारा मातृ दिवस पर लगाए गए कैंप में रक्तदाताओं का हौंसला बढाते हुए हरपाल ढांडा। *फोटो : हरिभूमि*

हैल्पेज ऑर्फन्स ने मातृ दिवस के शुभ अवसर पर 20वें रक्तदान शिविर का आयोजन स्वस्तिक रियल एस्टेट, एल्डिको एस्टेट वन पानीपत में किया। हैल्पेज ऑर्फन्स के संस्थापक मनन सिंगल ने बताया कि इस रक्तदान शिविर का आयोजन मातृ दिवस के उपलक्ष पर भारत की सभी माताओं को श्रद्धांजलि देने के रूप में किया गया है। वहीं, शिविर में 57 लोगों ने रक्तदान किया। इधर, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा मुख्य अतिथि के रूप में शिविर में शिरकत की और कहा स्वस्थ्य युवाओं को मानवता के लिए रक्तदान करना चाहिए। वहीं रक्तदान करने से शरीर का गंभीर रोगों से बचवा होता है। जबकि भाजपा नेता संजय अग्रवाल ने कैंप में विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत की। इधर, हैल्पेज ऑर्फन्स से मनन सिंगल, गगन दीप सिंघ, अर्जुन काठपाल, विवेक सचदेवा, नीतू जैन, युवराज चुघ, पंकज गर्ग, राघव चावला, सनव गांधी, वर्तिका जैन, उमेश खुंगर, अंजलि गर्ग व स्वस्तिक रियल एस्टेट से सुनील चुघ, शिवम् चुघ, जेके डावर व नितिन डावर आदि ने कहा कि स्वस्थ्य नागरिक साल में दो से तीन बार रक्तदान करता है। रक्तदान करने से शरीर कमजोर नहीं होता बल्कि शरीर की इम्यूनिटी बढती है।

## रोग के उपचार को आर्थिक सहायता लेना हुआ सरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- सीएम राहत कोष से जरूरतमंदों को आवेदन के 15 दिन में मिलेगी आर्थिक सहायता

उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की जा रही है। इससे यह प्रक्रिया और अधिक सरल एवं आसान हो गयी है। उन्होंने बताया कि अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। डीसी ने बताया कि आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। कहा कि आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते ह

## जनसमस्याओं को गंभीरता से लें अधिकारी : टीनू पोसवाल

- अधिकारी शिविर में आने वाली समस्याओं को गंभीरता से ले व विचार कर इनका तत्काल समाधान करें : नगराधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** पानीपत जिला सचिवालय में जनसुनवाई करते हुए अधिकारीगण।

जिला सचिवालय सभागार में अध्यक्षता करते हुए नगराधीश टीनू पोसवाल ने कहा कि हमें जिम्मेदार दृष्टि कोण के साथ आम जन की समस्याओं का समाधान करना है। अधिकारी शिविर में आने वाली समस्याओं को गंभीरता से ले व विचार कर इनका समाधान करे। उन्होंने कहा कि शिविर में आने वाली समस्याओं पर गहनता से कार्य करने की जरूरत है। अधिकारी कम से कम समय में अपने विभाग की समस्याओं का समाधान करें। डीएसपी सतीश वत्स ने कहा कि समाधान शिविर में हर समस्या का समाधान हो रहा है। अधिकारी अपनी पूरी उर्जा का उपयोग लोगों की समस्याओं का समाधान करने में खर्च कर रहे हैं।

उन्होंने पुलिस विभाग से सम्बंधित आई समस्याओं पर गंभीरता से कार्य करके उनका समाधान किया व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सही प्रकार से अपना कार्य समझकर के लोगों की समस्याओं का जिम्मेदार अधिकारी बनकर समाधान करें। डीआरओ रणविजय सिंह सुल्तानिया ने कहा कि धीरे-धीरे जनता समाधान शिविर में समस्याएं कम आ रही है। इसका प्रमुख कारण अधिकारियों द्वारा शिविर में रूचि लेना व तत्काल उनका समाधान करना है। वहीं, सोमवार को समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी 33 समस्याएं शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गई।

### टूटी सडकों की मरम्मत प्राथमिकता से करवाई जाएगी : कृष्णा

## गांव अदियाना-मडलौडा चौक की सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू, राहगीरों को आने-जाने में होगी सुविधा

- मंत्री पंवार के फोन को सुनते ही कार्यकारी अभियंता ने मौके पर सड़क की स्थिति को देखने के लिए सम्बंधित एसडीओ व जेई को मौके पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** पानीपत के गांव अदियाना-मडलौडा चौक की टूटी सडक का शुरू किया मरम्मत का दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार के सख्त आदेशों से सडक के सुधारीकरण का कार्य शुरू हो गया है। बता दें रविवार को अदियाना-मडलौडा चौक के पास सडक़ पर गड्ढे बने हुए थे। जब मंत्री पंवार इस रास्ते से गुजर रहे थे तो ग्रामीणों ने इन गड्ढों को ठीक करवाने की बात मंत्री के सामने रखी, मंत्री ने तुरंत कार्यवाही करते हुए पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता को फोन किया और तुरंत सडक ठीक करने के निर्देश दिए। मंत्री पंवार के फोन को सुनते ही कार्यकारी अभियंता ने मौके पर सडक़ की स्थिति को देखने के लिए सम्बंधित एसडीओ व जेई को भेजा और सोमवार को सडक ठीक करने के लिए काम शुरू हो गया। कार्यकारी अभियंता सावित पान्नु ने बताया कि इस अदियाना-मडलौडा मोड़ पर बारिश के कारण पानी खड़ा हो जाता है, वाहनों की आवाजाही के कारण सडक पर गड्ढों हो जाते हैं। सडक़ को ठीक करवाने के लिए पंचायत मंत्री ने आदेश दिए थे तुरंत आदेशों की पालना करते हुए करीब एक किलोमीटर सडक़ के गड्ढों को भरने का काम शुरू करवा दिया गया है। एक-दो दिन में यह काम पूरा करवा लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा इस सडक को फोर लाइन बनाने का कार्य भी प्रस्तावित है।

### एसडीएम ने जनसुनवाई की

इसराना। पानीपत जिला के उपमंडल इसराना में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम आशीष वशिष्ठ के समक्ष गांव कारद की नीलम देवी ने गांव के तालाब की बाउंड्री बनवाने की मांग की है। जबकि गांव पलड़ी निवासी जोगिंद्र सिंह ने गांव पलड़ी से इसराना और टिटाना जाने वाली सड़कों के किनारे किसानों द्वारा सडक की भूमि की अवैध खुदाई बंद कराने की मांग की है। अवैध खुदाई से सड़क धंस रही है। वहीं, एसडीएम आशीष ने दोनों मामलों में संबंधी विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एसडीएम शाश्वत सांगवान ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस शिविर में आई समस्याओं को एसडीएम ने गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### प्राथमिकता से हो समस्या का समाधान

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविरों में जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं अधिकारी उन शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना सुनिश्चित करें। साथ ही यदि किसी शिकायत का निदान करने में कोई तकनीकी समस्या आ रही है तो उस बारे भी प्रार्थी को अवगत करवाएं। समाधान शिविरों को लगाएं जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि प्रार्थी की शिकायतों का तीव्रता से समाधान किया जाए। उपायुक्त सोमवार को शिविर के तहत आमजन की शिकायतों को सुनने का काम कर रहें थे। इस मौके पर उनके साथ एसीयूटी राहुल कंवरिया मौजूद रहे।

### मारपीट के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी सोनू व रोहन को गिरफ्तार किया है। समलेहड़ी के गोविंद सिंह ने 8 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी सोनू, रोहन तथा अन्य ने उसके भतीजों से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी।

### बिजली दरबार 13 मई को लगाया जाएगा

**अंबाला।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 13 मई 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला के अधीक्षक अभियंता विनय कुमार गोयल करेंगे।

### भाजपा के वयोवृद्ध नेता बी के नैयर का निधन

**पंचकूला।** भारतीय जनता पार्टी जिला पंचकूला के वयोवृद्ध नेता एवं पूर्व में जिला अध्यक्ष रहे बी के नैयर का गत रात्रि पंचकूला सेक्टर 17 के उनके निवास पर 90 वर्ष की आयु में निधन निधन हो गया। बी के नैयर के निधन का समाचार सुनते ही से पार्टी नेताओ एवं कार्यकर्ताओ में शोक की लहर दौड़ गयी। देर रात तमाम पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उनके आवास पर जुटने लगे। जिला प्रधान अजय मित्तल ने बताया, आज सुबह 11:30 बजे मनीमाजरा शवदाह गृह में पार्थिव शरीर को पंचतत्व में विलीन किया जाएगा।

---

### कालपी गांव में स्थित सरकारी स्कूल के सामने समस्या

# निकासी न होने से नाले का गंदा पानी मुख्य सड़क पर जमा, छात्रों को परेशानी

ग्रामीण बोले नहीं हो रहा समस्या का समाधान, सरपंच बोलेफंड न होने के कारण समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

कालपी गांव में स्थित सरकारी स्कूल के सामने कालपी-साहा मार्ग पर जल निकासी की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। परिणामस्वरूप, नाले का गंदा पानी सड़क पर फैलकर लगातार जमा हो रहा है। इससे स्कूली बच्चों, स्टाफ और स्थानीय राहगीरों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या कोई नई नहीं है बल्कि लंबे समय से बनी हुई है। कई बार पंचायत व ग्राम सरपंच को शिकायतें दी गईं लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया। हालात यह हैं कि स्कूल खुलते और बंद होते समय बच्चों सहित स्टाफ को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने एकत्रित होकर समस्या समाधान की मांग की है। ग्रामीण मनदीप, ऋषि पाल , सुरेश पाल, सुरेन्द्र सिंह, ज्ञान चंद, मेजर सिंह, नरेश कुमार, गुलाब सिंह, अंकित, जसबीर, गोलु, जश्न ने बताया कि बारिश हो या न हो, नाले की निकासी बाधित होने के कारण हर समय सड़क पर पानी भरा रहता है। यह पानी सड़ने के कारण तेज दुर्गंध फैलाता है और मच्छरों का प्रकोप भी दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। डेंगू, मलेरिया और अन्य बीमारियों के खतरे से लोग भयभीत हैं। कई बार छोटे बच्चे गंदे पानी में फिसलकर गिर भी चुके हैं। यह न सिर्फ स्वास्थ्य बल्कि सुरक्षा का भी सवाल बन गया है। उन्होंने बताया कि कई बार सरपंच को समस्या बताई है लेकिन कोई समाधान नहीं हो पाया । स्थानीय लोग करीब ढ़ाई साल से इस समस्या का सामना कर रहे है।



मुलाना। गली में खड़ा गंदा पानी दिखाते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

#### जल्द समाधान किया जाएगा

फंड न आने के कारण समस्या समाधान नहीं हो पाया । सफाई कर्मी भी वहां पर कार्य नहीं करते । समस्या समाधान के लिए कई जगह लिखित भी दिया हुआ है। इस समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा।
-रिंकू, सरपंच, कालपी



अंबाला। नदी में जेसीबी खुदाई करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बरसाती सीजन से पहले टांगरी नदी की खुदाई शुरू, बाढ़ से बचाव के लिए हो रहा काम

**अंबाला।** मानसून से पहले टांगरी नदी की खुदाई शुरू हो गई है। टांगरी नदी को आठ से दस फीट तक खोदकर गहरा किया जाएगा। इसके लिए सिंचाई विभाग की तरफ से तीन जेसीबी मशीनों सहित आठ टिप्पर लगाए हैं। नदी से निकली मिट्टी को नेशनल हाईवे अपनी परियोजनाओं के लिए इस्तेमाल कर रही है। टांगरी नदी की खुदाई शुरू होने से आसपास बसी कॉलोनी के वासियों से राहत की सांस ली है। उन्हें उम्मीद है कि पिछले वर्ष की भांति उन्हें इस वर्ष जलभराव और बाढ़ की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। नदी की खुदाई के साथ ही किनारों के तटबंध को पक्का करने का काम भी शुरु किया जाएगा। इसे लेकर भी जल्द की कार्रवाई शुरु हो जाएगी। वहीं चंदपुरा से लेकर टांगरी पुल तक लगभग डेढ़ एकड़ जमीन के अधिग्रहण को लेकर भी प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इस टुकड़े के मिलने से चंदपुरा पुल से लेकर टांगरी नदी के पुल तक दोनों किनारे के तटबंध पक्का हो जाएंगे और फिर टांगरी नदी का पानी रिहायशी क्षेत्रों में नहीं घुस पाएगा। मानसून से पहले टांगरी नदी से पानी की निकासी सुचारु ढंग से हो सके। इसके लिए नगर परिषद की टीम भी लगातार नजर बनाए हुए है। पिछले दिनों कार्य संभालते ही नगर परिषद की अध्यक्ष ने टांगरी नदी किनारे बसे वार्ड के पार्षदों से इस संबंध में मंत्रणा की थी। इसके बाद सिंचाई विभाग से भी विचार-विमर्श किया गया था।

---



मुलाना। नाले का निर्माण कार्य दिखाते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## ग्रामीणों ने नाले के निर्माण पर ऐतराज जताया

- ग्रामीणों का आरोप नाले के निर्माण में हो रही है भारी गड़बड़ी जांच की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

नेशनल हाईवे-344 पर दोसड़का के पास सर्विस लेन किनारे बनाए जा रहे नाले को लेकर लोगों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि नाले के निर्माण में गड़बड़ी हो रही है। नाला कहीं से सीधा तो कही मोड़ दिया गया है। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने ग्राम सरपंच को भी मौके पर बुलाया और नाला दिखाया। यहां रहने वाले परमजीत सिंह, विनोद, गुरविन्द्र ग्रेवाल, जसवंत सिंह , रमेश सैनीं, फुल सिंह, संजीव कुमार , रमन सैनीं अन्य ने आरोप लगाया कि नाला सीधा न बनाकर टेढ़ा-मेढ़ा बनाया जा रहा है। कुछ दुकानों के आगे नाले की दिशा जानबूझकर सड़क की ओर ज्यादा कर दी गई है, जिससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि निर्माण में पक्षपात हो रहा है। उन्होंने बताया कि नाले का निर्माण कार्य पारदर्शी ढंग से होना चाहिए लेकिन यहां मनमानी की जा रही है। नाले देखने मात्र से स्पष्ट हो जाता है कि नाला बनाने में पक्षपात किया जा रहा है। लोगों ने संबंधित विभाग से इस मामले की जांच कराने और निर्माण कार्य को सही करवाने की मांग की है ताकि असुविधा न हो।

#### रंजिश के कारण शिकायत

नाला सही मानकों से ही बनाया जा रहा है। जमीन के हिसाब से ही नाला बनाया जाता है। जमीन में कर्व आने के चलते नाले को भी अंदर बाहर किया जाता है। वहां दुकानदारों की आपसी रंजिश है। जिसके चलते वो शिकायतें करते है। -केपी सिंह,
टीम लीडर, एनएचएआई

---

## बुलेट से पटाखे बजाने वालों पर कार्रवाई

- पुलिस ने चलाया अभियान : बिना नंबर प्लेट वाले वाहन पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

पुलिस द्वारा क्षेत्र में बीते दिनों लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। उन्हें सुरक्षित व जिम्मेदार तरीके से वाहन चलाने की अपील की गई। इस दौरान थाना प्रभारी प्रमोद राणा और चौकी इंचार्ज विश्वबंधु ने विशेष रूप से युवाओं को संबोधित करते हुए नियमों के उल्लंघन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में बुलेट मोटरसाइकिलों में अनाधिकृत रूप से पटाखे (साइलेंसर मॉडिफिकेशन) लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ अब कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि ऐसे बुलेट मोटरसाइकिल चालकों के चालान भी काटे जाएंगे और आवश्यकता पड़ने पर ये वाहन जब्त भी किए जा सकते हैं।

चौकी इंचार्ज विश्वबंधु ने बताया कि क्षेत्र में कई लोग बिना नंबर प्लेट वाले वाहन लेकर सड़कों पर घूमते रहते हैं, जो कि कानूनन अपराध है। उन्होंने कहा कि अब ऐसे वाहनों के खिलाफ भी अभियान चलाया जाएगा और नियमों की अवहेलना करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।



बराड़ा। बाजार में वाहन चालकों को जागरूक करते हुए पुलिस अधिकारी।

#### जनता सहयोग करे

अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन से सहयोग की अपील की और कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य भी है। उन्होंने वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट, सीमित गति, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने जैसी आवश्यक सावधानियों का पालन करने को कहा।

## कॉलेज रोड पर युवक को गोली मारी

- पुलिस ने फरार कार सवारों के खिलाफ केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

गवर्नमेंट कॉलेज रोड पर दो स्कॉर्पियो कार सवारों में झगड़ा हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि एक पक्ष के लोगों ने दूसरे कार सवार पर गोली भी चला दी। गोली कार सवार के कंधे में लगी। जिसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। खून से लथपथ वितेश को नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीजीआई रेफर कर दिया गया। वहां उपचार के दौरान सर्जरी के जरिए पीड़ित के कंधे से गोली निकाली गई। पुलिस ने स्कॉर्पियो मालिक व अन्य के खिलाफ आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में यहां के रहने वाले एक आरोपी राजीव को भी गिरफ्तार किया है। घायल वितेश ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह सरकारी पीजी कॉलेज नारायणगढ़ का छात्र है। 10 मई की रात नौ बजकर 30 मिनट पर वह दोस्त खुशविंद्र और अनिल कुमार के साथ स्कॉर्पियो कार में सवार होकर कॉलेज रोड पर जा रहा था। जैसे ही वे मोंटी समोसे वाली की दुकान के पास पहुंचे तो कुल्लड़पुर गांव की तरफ से आई तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने टक्कर मार दी। हादसे में कार का शीशा क्षतिग्रस्त होने के बाद नीचे उतरकर आए युवकों ने बहस शुरू कर दी। अभी तीन युवकों से झगड़ा हो ही रहा था कि एक अन्य कार आए युवक ने पिस्तौल निकालकर फायर कर दिया। बता दें कि कस्बे में तीन माह में गोली चलने का यह पांचवां मामला है।



नारायणगढ़। गोली लगने की वजह से जख्मी युवक। फोटो : हरिभूमि

---

## समस्याओं का जल्दी समाधान हो



बराड़ा। शिविर में अपनी समस्या का हल करवाती महिला। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

- उपमंडल अधिकारी अमित भारद्वाज ने सुनी समस्याएं

उपमंडल अधिकारी अमित भारद्वाज ने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। यदि कोई मामला दस्तावेजी जांच अथवा प्रक्रिया से जुड़ा हो, तो भी उसका समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाए। एसडीएम ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशानुसार अब प्रत्येक सप्ताह सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर लघु सचिवालय, बराड़ा के सभागार में आयोजित किए जा रहे हैं।

## धूमधाम से मनाई गुरु अमरदास जयंती

- रागी जत्थों ने गुरवाणी का किया प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

श्री गुरु ग्रंथ साहिब विद्या केंद्र सेवा समिति बहबलपुर ने बडी धूमधाम तीसरे गुरु श्री गुरु अमरदास की जयंती श्री गुरु ग्रंथ साहिब की उपस्थिति में धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर साहिबजीत सिंह और गुरमन्नत कौर तथा बच्चों ने गुरबाणी की कक्षाएं लगाई। कीर्तन का संचालन किया। इस गुरमत समागम में बुड्ढा दल निशाना वाले कथावाचक सरदार हरप्रीत सिंह ने बच्चों को श्री गुरु अमरदास के जीवन के बारे में बताया। उन्होंने उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरू साहिब जी का जन्म 5 मई 1479 ई. को गांव बासरके में हुआ था। उन्होंने बताया कि गुरु के पिता जी का नाम तेजभान और माता जी का नाम लखमी देवी था। इस अवसर पर अध्यक्ष बीबी भूपिंदर कौर, सचिव बाबा महान सिंह पटियाला, सुखविंदर सिंह बहबलपुर बडौला, स्वरूप सिंह, मनिंदर सिंह बडौला, सेवादार जगतार सिंह, अमृतपाल सिंह और सरबजीत कौर अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस संस्था के अध्यक्ष ज्ञानी बाबा ठाकुर जी संस्था में बहुत सहयोग दे रहें हैं।



अंबाला। गुरु अमरदास जयंती पर गुरूवाणी का प्रचार करते रागी जत्थे। फोटो : हरिभूमि

---

## गोरखनाथ मंदिर की आधारशिला रखी

- गांव तंदवाल में उत्साह के साथ मनाया गया प्रकट उत्सव, भजन और कीर्तन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

बैसाख पूर्णिमा के पावन अवसर पर गांव तंदवाल में शिव अवतारी महायोगी गुरु गोरखनाथ का प्रकट उत्सव अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नाथ योगी समाज सहित आसपास के अनेक गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। कार्यक्रम का आयोजन लोगों द्वारा किया गया, जिसमें नाथ समाज के अनेक वरिष्ठ समाजसेवी शामिल हुए। कार्यक्रम में नाथ समुदाय के समाजसेवी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी तेजपाल (फरीदाबाद), प्रेम होली , विद्या सागर तंदवाल , संतोष तंदवाल , युवा नेता प्रदीप जोगी (करनाल), सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहतास राणा , ब्लॉक समिति के पूर्व चेयरमैन कुलराज शर्मा, डीएसपी रमेश चंद (सेवानिवृत्त), जोगी समाज के पूर्व प्रधान राजकुमार जोगी तथा मदन होली ने विशेष रूप से कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर योगी तेजपाल ने गुरु गोरखनाथ मंदिर की आधारशिला रखी, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने ऐतिहासिक क्षण बताया। शाम के समय दीप प्रज्ज्वलन कर गुरु गोरखनाथ की पूजा-अर्चना की गई और भजन-कीर्तन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



बराड़ा। कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित करते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### फिलाडेल्फिया अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन

# नर्सिंग दिवस पर छात्राओं ने बिखेरी धमक

- छात्राओं ने प्रदर्शनी भी लगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस/" के उपलक्ष्य में फिलाडेल्फिया अस्पताल स्कूल ऑफ़ नर्सिंग द्वारा रंगारंग एवं शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल के निदेशक डॉ . सुनील सादिक ने कार्यक्रम की अगुवाई की। कार्यक्रम की शुरुआत रेव. अडेनो अब्राहम द्वारा प्रार्थना के साथ हुई। इसके बाद अस्पताल क्वायर द्वारा विशेष गीत प्रस्तुत किया गया। डॉ. युक्ता एवं डॉ. ब्लेसी ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।डॉ. सुनील सादिक़ ने कार्यक्रम की शुरुआत में सभी को स्कूल ऑफ़ नर्सिंग के 101 साल पूरे होने की बधाई दी एवं कोरोना काल में नर्सों के द्वारा किये गए अभूतपूर्व कार्यों की मिसाल देते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया। साथ ही फ्लोरेंस नाइटिंगेल का भी परिचय देते हुए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। रंगारंग कार्यक्रमों की श्रंखला में सुश्री हिमांशी एवं उनके समूह द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल एवं युगल नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। सुश्री एरिका, पलक, मेहक, तरण ने अपनी नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुश्री नवदीप एवं समूह ने एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें नर्सिंग सेवा की महत्ता को रेखांकित किया गया।कार्यक्रम में मुख्यअतिथि मेयर शैलजा सचदेवा ने उपस्थित होकर नर्सिंग समुदाय को प्रेरणादायक शब्दों से संबोधित किया एवं समाज में मिशन अस्पताल के अभूतपूर्व योगदान को भी सराहा 1 नर्सिंग स्कूल की प्राचार्या इवलिन मलिक ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया एवं समापन प्रार्थना एवं आशीर्वचन पुनः रेव. अडेनो अब्राहम द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा मॉडल प्रदर्शनी लगाई गई।



अंबाला। अतर्राष्ट्रीय नर्सिंग डे पर मौजूद फिलाडेल्फिया अस्पताल की नर्सिंग स्टाफ निदेशक के साथ। फोटो : हरिभूमि

#### खोया-पाया

मैं प्रदीप कुमार पुत्र सोहन लाल निवासी मकान नं. बी-99 पारसवनाथ सिटी सैक्टर 35 करनाल, सूचित करता हूँ कि मेरे प्लॉट की सेल डीड नं. 753/1 दिनांक 21.05.2003 जोकि रेलवे रोड कुरूक्षेत्र पर कहीं दिनांक 13.01.2025 को गुम हो गयी है। इसको ढूंढने की काफी कोशिश की किन्तु यह कोशिश व्यर्थ रही। इसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट आवेदन नंबर 132320772500616 द्वारा कर दी गई है। किसी को यह मिलती है तो फोन नंबर 9253240005 पर संपर्क करे।